RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 29 जुलाई 2022 | वर्ष 04 | अंक 90 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
रोकठोक लेखनी
R
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# BMC ने किए कई एलान...!

## मुंबई में स्लम एरिया में हर 100 मीटर पर खुलेगा क्लीनिक

## आशा वर्कर का इंसेंटिव किया जाएगा दोगुना

**बीएमसी के अतिरिक्त आयुक्त संजीव कुमार ने गुरुवार को पीसी कर कहा कि इस वर्ष के बीएमसी के बजट में शिव योगा केंद्र खोलने जाने की बात कही थी. अब तक 177 योगा केंद्र बन चुके हैं. अब तक 4500 लोग इन योगा केंद्रों से जुड़े हैं. योग केंद्रों में फ्लेक्सिबल टाइमिंग है. 25 से 30 लोग एक बैच में जा सकते हैं. आने वाले कुछ दिनों में केंद्रों की संख्या 200 से 300 तक जायेगी. ये योग केंद्र सभी वार्ड में मौजूद हैं. लोगों की संख्या इन केंद्रों से जुड़ने की बढ़ती जा रही है.**

उन्होंने आगे कहा कि मुंबई के बड़े प्राइमरी हेल्थ को आगे बढ़ाने के लिए आशा कर्मचारियों को मजबूत किया जाएगा. आशा वर्कर के इंसेंटिव को दोगुना किया जाएगा. केंद्रीय




स्वास्थ्य विभाग 50% इंसेंटिव देंगे और बीएमसी 50% इंसेंटिव देगी. कम्युनिटी हेल्थ वालंटियर को अब तक 7000 तक सैलरी दी जाति थी, लेकिन उनकी सैलरी भी बढ़ा दी गई है. अब 11000 रुपये सैलरी हेल्थ वॉलंटियर को दी जाएगी.

### आशा वर्कर के पास रहेगी बीपी मशीन

बीएमसी के अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि बीएमसी हाइपरटेंशन (हाई बीपी) इस बीमारी पर अधिक ध्यान दे रही है. कई लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं जिस वजह से कम्युनिटी लेवल पर स्क्रीनिंग की जायेगी. हर एक आशा कर्मचारी के पास बीपी मशीन रहेगी. 30 वर्ष से अधिक के लोगों की स्क्रीनिंग की जायेगी. अस्पतालों में हाइपरटेंशन के चेक अप के लिए स्क्रीनिंग कॉर्नर बनाए जायेंगे. वहीं 6 से 8 महीनों के बाद डायबिटीज और कैंसर के लिए भी स्क्रीनिंग कॉर्नर बनाए जायेंगे.

### जंबो कोविड केंद्र क्यों किए जा रहे बंद...

कोविड केंद्रों के बंद करने पर अतिरिक्त आयुक्त ने कहा कि कोरोना के मामले कम होने के कारण कुल 5 जंबो कोविड केंद्रों को बंद किया जाएगा. 3 केंद्र पहले ही बंद हो चुके हैं और अब 5 अन्य केंद्र भी बंद होने जा रहे हैं. जो समान कोविड केंद्र से मिलेंगे वह मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल को दिए जायेंगे. स्वाइन फ्लू के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है. पिछले वर्ष स्वाइन फ्लू के मामले काफी कम देखे गए थे, लेकिन इस वर्ष एक महीने में 62 से अधिक मामले अब तक दर्ज हो चुके हैं. यह मामले और भी बढ़ सकते हैं.

# अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्करों के गिरोह का भंडाफोड़...!

## 4 करोड़ कीमत का 190 किलो गांजा बरामद



**मुंबई :** एनसीबी के जोनल डायरेक्टर रहे समीर वानखेड़े के ट्रांसफर के बाद एक बार फिर मुंबई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्युरो सुर्खियों में है. मुंबई एनसीबी ने भिवंडी इलाके से 190 किलो गांजा के साथ 4 लोगों को गिरफ्तार किया है. इस कार्रवाई में ड्रग तस्करों की 2 कारें भी जब्त की गई हैं. 190 किलो का यह ड्रग्स मुंबई और आसपास के पब, डिस्को थैक्स और ड्रग अड्डों पर सप्लाई की जा रही थी . एनसीबी द्वारा गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी मुंबई के रहने वाले हैं. यह आरोपी मुंबई के पूर्वी उपनगर के इलाके जैसे मुलुंड और भांडुप में पिछले 5 वर्षों से गांजा और अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी के गोरखधंधे से जुड़े थे. इस गिरोह ने कुछ दिन पहले ओडिशा से भारी मात्रा में गांजा मुंबई मंगवाया था. एनसीबी को अपने सूत्रों के जरिये इसकी जानकारी मिली. इसी के तहत एनसीबी के अधिकारी संदिग्ध आरोपियों की गतिविधियों पर पिछले कुछ महीनों से नजर रखे हुए थे.

**पिछले पांच सालों से तस्करी के धंधे में थे शामिल**

### गुप्त सूचना के आधार पर की गिरफ्तारी

एनसीबी अधिकारियों के मुताबिक, ड्रग तस्करी की पक्की सूचना मिलने के बाद एनसीबी ने अलग-अलग टीम बनाकर जाल बिछाया. एनसीबी को यह पता चलने के बाद कि यह गिरोह नशीली दवाओं का स्टॉक ले जा रहा है, एनसीबी ने जाल बिछाकर भिवंडी टोल नाके से ड्रग को जब्त कर लिया. जब आरोपी से पूछताछ की गई तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे रहा था. इस दौरान उनके वाहनों की सघन तलाशी ली गई. कार में 190 किलो गांजा मिला. यह गांजा कार में एक खास जगह कैविटी बनाकर छिपाकर रखा गया था. इस बीच, जब एनसीबी अधिकारियों ने इन आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने पहले नशीली दवाओं की तस्करी में लिप्त होना स्वीकार किया . जांच में पता चला कि ये आरोपी शातिर तस्कर है और बताया जाता है कि वह पिछले 5 साल से अवैध ड्रग तस्करी के धंधे में था.

### कहां से मंगाए जा रहे थे ड्रग्स?

एनसीबी की जांच में ये भी पता चला कि ये ड्रग इस गिरोह ने खास तौर पर आंध्र प्रदेश और उड़ीसा जैसे राज्यों से मंगाया था. यह गिरोह मुंबई और उसके आसपास के कई स्थानीय पेडलरों को डिलीवरी के लिए ड्रग सप्लाई किया करता था. इस मामले में एनसीबी आगे की जांच कर रही है. जांच में पता किया जा रहा है कि मुंबई और आस पास के इलाके के कौन कौन से ड्रग पेडलर्स इनके संपर्क में थे और ये कहां-कहां ड्रग सप्लाई कर रहे थे.

## मुझसे कहा गया था कि शरद पवार पर भरोसा मत करो- ठाकरे



**मुंबई :** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा है कि शिवसेना से फिर एक मुख्यमंत्री होगा. पार्टी अपने मिशन पर जुटी हुई है. उन्होंने कहा कि मैंने 'विश्वासघात करने वालो' से आखिरी क्षण तक पूछा था कि क्या वे सीएम बनना चाहते हैं और अगर वे स्पष्ट रूप से बात करते, तो चीजों को हल किया जा सकता था, लेकिन विश्वासघात करने वालों में पर्याप्त साहस नहीं था.' उद्धव ने कहा कि उन्हें लगातार कहा जाता था कि कांग्रेस, शिवसेना को धोखा देगी और राकांपा प्रमुख शरद पवार पर भरोसा नहीं किया जाना चाहिए.

# युद्ध स्तर पर हो सड़कों की मरम्मत

## CM एकनाथ शिंदे ने दिया निर्देश

**मुंबई :** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सड़कों के गड्ढों को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुंबई महानगर क्षेत्र की सड़कों का मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है। उन्होंने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र में सड़क परियोजनाओं को गति देने की जरुरत है।

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुंबई महानगर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों की समीक्षा की गई। सीएम शिंदे ने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, मुख्य गोदामों, लॉजिस्टिक्स केंद्रों, कंटेनर-ट्रक टर्मिनलों के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या होती है। जिसको ध्यान में रखते हुए तत्काल उपाय करने की आवश्यकता है।उन्होंने



इस संदर्भ में तुरंत कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

### सड़क परियोजनाओं से कम होगा ट्रैफिक जाम

मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि सड़क परियोजनाओं से ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी।उन्होंने कहा कि वसई-विरार मल्टीमॉडल कॉरिडोर से भिवंडी-कल्याण-डोंबिवली और उल्हासनगर क्षेत्र में यातायात की समस्याओं में काफी कमी आएगी और साथ ही उस क्षेत्र के विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। शिंदे ने कहा कि ठाणे शहर के आनंदनगर टोल नाका से साकेत रोड, कोपरी-पटणी ब्रिज, तीन हाथ नाका सड़क का पुनर्निर्माण, भिवंडी को जोड़ने वाले ब्रिज, ठाणे कोस्टल रोड, ऐरोली टनल से कटई नाका रोड जैसी परियोजनाओं को तेज गति से पूरा करने पर ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिंचोटी से अंजुर फाटा रोड के निर्माण से ट्रैफिक दो हिस्सों में बंट जाएगी। इसका असर ठाणे की ट्रैफिक जाम पर पड़ेगा। इस सड़क का काम सार्वजनिक निर्माण विभाग कर रहा है। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना को मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण को हस्तानांतरित करने का निर्देश दिया।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# ओबीसी को मौका!

मनपा चुनाव से पहले वार्डों के आरक्षण को लेकर पुनः २९ जुलाई को लॉटरी प्रक्रिया होगी। इसी के साथ ओबीसी आरक्षण का सस्पेंस भी खत्म हो जाएगा। शुक्रवार को रंगशारदा सभागृह में लॉटरी प्रक्रिया शुरू होगी। मुंबई मनपा में कुल २३६ वार्डों की संख्या के अनुसार ओबीसी को ६३ सीटें मिल सकती हैं। लॉटरी प्रक्रिया के बाद वार्डों के आरक्षण को लेकर ३० जुलाई से २ अगस्त तक जनता से राय व सुझाव मंगाए जाएंगे, जिसके बाद ४ अगस्त को अंतिम रूप दिया जाएगा और ५ अगस्त को अधिकृत घोषणा की जाएगी। मनपा चुनाव में ओबीसी को आरक्षण मिलने से ओबीसी समाज में खुशी का माहौल है। सुप्रीम कोर्ट में अब भी ओबीसी आरक्षण को लेकर सुनवाई खत्म नहीं हुई है। हालांकि इस बीच कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण के साथ चुनाव कराने का निर्देश चुनाव आयोग को दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद २२ जुलाई को चुनाव आयोग ने मुंबई मनपा सहित अन्य ११ महानगरपालिकाओं में ओबीसी आरक्षण के साथ चुनाव कराने के लिए लॉटरी निकालने के संदर्भ में परिपत्र जारी किया। बता दें इसी वर्ष ३१ मई को मनपा प्रशासन की ओर से जारी लॉटरी प्रक्रिया के दौरान स्पष्ट किया था कि यदि ओबीसी आरक्षण का मामला आया तो २१९ सीटें प्रभावित हो सकती हैं। मनपा प्रशासन ने चुनाव आयोग का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के आरक्षण प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं होगा। अर्थात सामान्य महिला आरक्षण और सामान्य पुरुष कोटे की सीटों पर बदलाव होगा। मुंबई मनपा में वर्ष २०१७ के चुनाव में २२७ सीटें थीं लेकिन मुंबई की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए पिछली सरकार ने मनपा के वार्डों की ९ संख्या बढ़ाकर कुल २३६ कर दिया। चुनाव आयोग ने ओबीसी आरक्षण का मामला कोर्ट में प्रलंबित होने की वजह से ओबीसी आरक्षण के बगैर लॉटरी निकाला था। हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को ओबीसी आरक्षण के साथ लॉटरी प्रक्रिया पुनः करने का निर्देश दिया।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91



## भाजपा सरकार के विरोध में
# कांग्रेस का 'सत्याग्रह'

**मुंबई,** भाजपा की केंद्र सरकार ने दूध, दही, तेल, मक्खन आदि खाद्य पदार्थों सहित सभी वस्तुओं पर जीएसटी लगा दिया है। इसका परिणाम आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

जीएसटी, महंगाई, 'अग्निपथ' योजना, बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष संसद में आवाज उठा रहा है इसलिए विरोधी दलों की आवाज दबाने के लिए झूठे मामले निकालकर सोनिया गांधी की ईडी के मार्फत जांच कराई जा रही है। ऐसा आरोप महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने लगाया। ईडी जांच के लिए कल सोनिया गांधी को बुलाया गया था, इसके विरोध में कल दूसरे दिन राज्यभर में कांग्रेस कार्यकताओं ने आंदोलन किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में नई मुंबई में सत्याग्रह आंदोलन किया गया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सीबीआई, ईडी जैसी संस्थाएं मोदी सरकार के कार्यकाल में स्वतंत्र नहीं रह गई हैं। ये संस्थाएं मोदी सरकार के इशारे पर झूठे मामलों में विरोधियों को फंसाने को कोशिश कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि अंग्रेजों से भी ज्यादा जुल्मी मोदी सरकार है। कांग्रेस पार्टी ने शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन के माध्यम से अंग्रेजों को देश से बाहर निकाला था। उसी प्रकार केंद्र की भाजपा सरकार को भी सत्याग्रह आंदोलन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी सत्ता से हटाएगी।

केंद्र सरकार के अत्याचार के विरोध में कल कांग्रेस पार्टी देशभर में शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रही थी लेकिन इस आंदोलन को पुलिस के बल पर दबाने का प्रयास किया गया। राज्य में कल दूसरे दिन नई मुंबई, पुणे, नागपुर, सोलापुर, अकोला, नांदेड़ आदि सभी जिलों के मुख्यालयों पर 'सत्याग्रह' आंदोलन किया गया।

कांग्रेस ने कल बोरीवली स्टेशन पर 'रेल रोको' आंदोलन किया। इस दौरान विरोध कर रहे युवा कांग्रेस के कुछ कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जीआरपी के अधिकारियों ने बताया कि युवा कांग्रेस की मुंबई इकाई के १०-१५ कार्यकताओं के समूह ने बोरीवली स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या ६ पर सुबह करीब सवा दस बजे गुजरात जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को रोका दिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रवर्तन निदेशालय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि कुछ मिनट तक चले प्रदर्शन से ट्रेन सेवा प्रभावित नहीं हुई क्योंकि जीआरपी ने प्रदर्शनकारियों को कुछ ही मिनट के भीतर पटरियों से हटा दिया और उन्हें हिरासत में ले लिया।

# मनी लॉन्डिंग के मामले में गिरफ्तारी मनमानी नहीं - सुप्रीम कोर्ट



**मुंबई,** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के विभिन्न प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली २४१ याचिकाओं पर पैष्ठसला सुनाया। अदालत ने पीएमएलए के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मिले गिरफ्तारी के अधिकार को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग के तहत गिरफ्तारी मनमानी नहीं है। जस्टिस एएम खानविलकर, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने विजय मदनलाल चौधरी ने यूनियन ऑफ इंडिया केस और २४० याचिकाओं पर पैष्ठसला सुनाया है। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम, महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी गिरफ्तारी, जब्ती और जांच प्रक्रिया को चुनौती दी थी।

याचिका में कहा था कि गिरफ्तारी, कुर्की, जब्ती का अधिकार गैर-संवैधानिक पीएमएलए के तहत गिरफ्तारी, जमानत, संपत्ति की जब्ती या कुर्की करने का अधिकार क्रिमिनल प्रोसीजर एक्ट के दायरे से बाहर है। दायर की गई याचिकाओं में मांग की गई थी कि पीएमएलए के कई प्रावधान गैर संवैधानिक हैं, क्योंकि इनमें संज्ञेय अपराध की जांच और ट्रायल के बारे में पूरी प्रोसेस फॉलो नहीं की जाती है, इसलिए ईडी को जांच के समय सीआरपीसी का पालन करना चाहिए। इस मामले में सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी समेत कई वकीलों ने अपना पक्ष रखा।

सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच को बताया कि पीएमएलए के तहत ४,७०० मामलों की जांच की गई। अब तक केवल ३१३ गिरफ्तारियां हुई हैं। ३८८ केस में तलाशी की गई है।

# 5 महीने में 84 नाराज बच्चे घर से भागे



**ठाणे,** छोटे-छोटे कारणों से आजकल बच्चे घर छोड़कर भाग जा रहे हैं। परिवार द्वारा बच्चों की मांग पूरी नहीं होना इसकी वजह बताई जा रही है। खासकर ११ से १६ वर्ष के बच्चों के घरों से भागने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ठाणे पुलिस आयुक्तालय द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पिछले पांच महीनों में ठाणे पुलिस की बाल सुरक्षा इकाई ने ३६ लड़कों और ४८ लड़कियों सहित कुल ८४ बच्चों का पता लगाया और उन्हें उनके माता-पिता से मिलवाया है। इन सभी बच्चों की उम्र १८ साल से कम है और १२ से १६ साल के आयु वर्ग के बच्चों की संख्या अधिक है।

बता दें कि माता-पिता से नाराज होकर नाबालिग बच्चे घर छोड़कर जा रहे हैं ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। कई बार बच्चे छोटे-छोटे कारणों से भी घर से भाग कर चले जाते हैं। उत्तर प्रदेश से एक लड़की इसलिए घर से भागकर ठाणे आ गई क्योंकि उसकी मां ने उसे खाना बनाने के लिए कहा था। इस बीच भिवंडी का एक नाबालिग लड़का भी घर से भाग गया था, जो गुजरात में मिला। इस लड़के के बारे में सूचना मिलने के बाद ठाणे पुलिस ने उसके माता-पिता की तलाश की और उसे उसके परिजनों से मिलवाया।


ठाणे पुलिस की बाल संरक्षण इकाई द्वारा लापता बच्चों के साथ उनके माता-पिता का पता लगाया जा रहा है और बच्चों को उनके माता-पिता को सौंप दिया जा रहा है। यह इकाई अब तक कई बच्चों को उनके माता-पिता के पास भेज चुकी है। जनवरी से मई तक पांच महीने की अवधि के दौरान, १८ वर्ष से कम आयु के कुल ८४ बच्चों का पता लगाया गया और उन्हें उनके माता-पिता को सौंप दिया गया।

# मुंबई में 1 अगस्त से टैक्सी मिलने में हो सकती है दिक्कत, ड्राइवरों ने हड़ताल का किया है आह्वान

**मुंबई,** जिस तरह लोकल ट्रेनें मुंबईकरों की लाइफलाइन मानी जाती है वहीं महानगर की सड़कों पर दौड़ने वाली काली-पीली टैक्सियां भी काफी अहम मानी जाती है. लेकिन 1 अगस्त से मुंबईवासियों को टैक्सियां मिलने में मुश्किल हो सकती है. दरअसल मुंबई टैक्सीमैन यूनियन ने सरकार द्वारा किराया वृद्धि पर कोई निर्णय



नहीं लेने के विरोध में 1 अगस्त को टैक्सी हड़ताल का आह्वान किया है. गौरतलब है कि मुंबई में टैक्सी यूनियन ने किराए में 10 रुपये की बढ़ोतरी की मांग की है यानी न्यूनतम 25 रुपये से 35 रुपये. वहीं कुछ ऑटोरिक्शा यूनियनों ने कहा कि वे 31 जुलाई तक सरकार द्वारा किराए में बढ़ोतरी का इंतजार करेंगे, ऐसा नहीं करने पर वे भी टैक्सियों की हड़ताल का समर्थन कर सकते हैं.ऑटो यूनियन न्यूनतम किराए में 3 रुपये की बढ़ोतरी की उम्मीद कर रहे हैं यानी 21 रुपये से 24 रुपये तक.



## मौसमी बीमारियों से बचने की अपील

**मुंबई,** मुंबई में भले ही कोरोना कंट्रोल में आ गया है, लेकिन मौसमी बीमारियों के बढ़े प्रकोप से लोगों को सावधान होने की जरूरत है। शहर में बीते एक सप्ताह में मलेरिया के १५४, डेंगू के १७, लेप्टो के २३, स्वाइन फ्लू के ५१ और गैस्ट्रो के करीब १८४ नए मरीज मिले हैं। ऐसे में मनपा ने लोगों से मौसमी बीमारियों से बचने की अपील की है। जुलाई से भारी बारिश के कारण मुंबई में जलजमाव व दूषित पानी के कारण कीड़ों और मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि दूषित पानी के कारण गैस्ट्रो, टाइफाइड, कालरा, पीलिया जैसे रोग पैष्ठलते हैं। प्रशासन की ओर से बताया गया कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियां कीड़ों के प्रभाव से फैल रही हैं। एक हफ्ते पहले मुंबई में मलेरिया के मरीजों की संख्या २४३, गैस्ट्रो की ३४०, डेंगू की ३३, लेप्टो की ११ और स्वाइन फ्लू की ११ थी। लेकिन अब एक हफ्ते के अंदर इसमें बड़ी बढ़ोतरी हुई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक बढ़ती मानसूनी बीमारियों को रोकने के लिए मनपा के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए १,५०० बेड की व्यवस्था की गई है। मौसमी बीमारियों को रोकने के लिए घर-घर जाकर जांच और दवाइयां वितरित की जा रही हैं।

# स्मृति ईरानी का वार: राष्ट्रपति के अपमान पर देश से माफी मांगें सोनिया

**मुंबई,** देश की पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर कांग्रेस सांसद अधीर रंजन की अशोभनीय टिप्पणी के खिलाफ भाजपा हमलावर हो गई है। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने इसे देश का अपमान बताया है। स्मृति ईरानी ने कहा कि जब से द्रौपदी मुर्मू का नाम राष्ट्रपति के उम्मीदवार के रूप में घोषित हुआ तब से ही द्रौपदी मुर्मू कांग्रेस पार्टी की घृणा और उपहास का शिकार बनीं। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें कठपुतली कहा। कांग्रेस आज भी इस बात को स्वीकार नहीं कर पा रही कि एक आदिवासी महिला इस देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद को सुशोभित कर रही हैं। सोनिया गांधी द्वारा नियुक्त नेता सदन अधीर रंजन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की जो कि एक शर्मनाक बयान है। ये संबोधन उस सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा के खिलाफ है, तब भी कांग्रेस के इस पुरुष नेता ने ये घृणित कार्य किया।

कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए

स्मृति ईरानी ने कहा कि कांग्रेस ने सोनिया जी की अध्यक्षता में ये संस्कार



और मूल्यविहीन एवं संविधान को चोट पहुंचाने वाला काम किया है। संसद में और सड़क पर कांग्रेस और उनके नेताओं को देश की प्रथम नागरिक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी और देश से माफी मांगनी चाहिए।

देश और दुनिया जानती है कांग्रेस महिला विरोधी पार्टी है: स्मृति ईरानी

स्मृति ईरानी ने कहा कि देश और दुनिया जानती है कि कांग्रेस आदिवासी विरोधी, गरीब विरोधी और महिला विरोधी है। लेकिन कांग्रेस का इस हद तक गिर जाना कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन एक आदिवासी और गरीब परिवार की महिला का इस प्रकार अनादर करना, उनकी गरीमा पर प्रहार करना।

माफी मांगने का कोई सवाल ही नहीं: अधीर रंजन

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा माफी मांगने का कोई सवाल ही नहीं है। मैंने गलती से इस शब्द का इस्तेमाल कर दिया था। अब अगर आप मुझे इसके लिए फांसी देना चाहते हैं, तो आप कर सकते हैं ... सत्ताधारी दल एक जानबूझकर साजिश में एक तिल से पहाड़ बनाने की कोशिश कर रहा है।

अधीर ने जानबूझकर राष्ट्रपति का अपमान किया: निर्मला सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि स्पष्ट रूप से लोकसभा के विपक्ष के नेता का उद्देश्य नवनिर्वाचित राष्ट्रपति का अपमान करना था। जो एक स्व-निर्मित महिला हैं, एक आदिवासी पृष्ठभूमि से आती हैं। पूरा भारत उनका समर्थन कर रहा है।

भाजपा सांसदों ने किया संसद में प्रदर्शन

संसद में भाजपा सांसदों ने कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया, एक वीडियो क्लिप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ उनकी टिप्पणी पर उनसे माफी की मांग की।

# आरे कॉलोनी में पेड़ों कटाई के खिलाफ सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट, स्थानीय निवासी कर रहे विरोध




**मुंबई,** सुप्रीम कोर्ट, मेट्रो कार शेड के लिए मुंबई की आरे कॉलोनी में पेड़ों की कटाई को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने के लिए गुरुवार को राजी हो गया है. न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायण द्वारा मामले का उल्लेख किए जाने के बाद याचिका पर सुनवाई करने के लिए राजी हो गयी. शंकरनारायण ने कहा कि पहले के स्थगनादेश के बावजूद रात भर पेड़ों की कटाई चल रही है.

शंकरनारायण ने कहा, ''हमारे पास तस्वीर हैं. प्रधान न्यायाधीश ने कहा है कि यह पीठ इस मामले पर सुनवाई करेगी. क्या हम इसे कल के लिए सूचीबद्ध कर सकते हैं?'' सप्ताहांत को जेसीबी काम करेगी, इसलिए मामले पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है.

सुप्रीम कोर्ट ने आरे कॉलोनी में पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग करते हुए कानून के छात्र ऋषभ रंजन द्वारा भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को लिखे पत्र पर 2019 में स्वतः संज्ञान लिया था. न्यायालय ने प्राधिकारियों को आरे कॉलोनी में और पेड़ काटने से रोक दिया था. महाराष्ट्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि और पेड़ नहीं काटे जाएंगे.पर्यावरण कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी कॉलोनी में पेड़ काटे जाने का विरोध कर रहे हैं.

## क्या रॉकी और रानी की प्रेम कहानी परवान चढ़ाने के लिए न्यूड हुए रणवीर सिंह!

**मुंबई,** बॉलीवुड के बेधड़क, बेबाक और बड़े ही 'खुले मिजाज' के एक्टर रणवीर सिंह इन दिनों हर किसी की जुबान पर छाए हुए हैं। रणवीर के लिए वैसे तो सुर्खियां बटोरना आम बात है। कभी किसी बोल्ड स्टेटमेंट को लेकर तो कभी अपने मजाकिया अंदाज में बड़बोले हो जाना, उनकी पुरानी कला रही है। लेकिन अब जो वाकिया हुआ है, उस वजह से रणवीर हर किसी के निशाने पर आ गए हैं। एक्टर के न्यूड फोटोशूट के बारे में तो आपको पता ही होगा। जाहिर है सभी इस बारे में जानते होंगे, क्योंकि जितनी बात रणवीर के न्यूड फोटोज की हो गई है शायद इस बीच कईयों को ये ही नहीं मालूम होगा कि द्रौपदी मुर्मू कौन हैं? हालांकि, कई सवाल खड़े करने वाले रणवीर के फोटोशूट से एक दिलचस्प बात सामने आई है। आखिरकार इसके पीछे का माजरा क्या है? रणवीर ने इसे यूं ही कर लिया या फिर कोई खास वजह इससे जुड़ी है! आइए इसकी पड़ताल करते हैं। सबसे पहले तो आपको ये बता दें कि ये सब कैसे शुरू हुआ। दरअसल,




बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने एक मैगजीन के लिए न्यूड फोटोशूट करवाया था, जिसे लेकर हर तरफ बवाल मचा हुआ है। रणवीर सिंह इन फोटोज में लगभग पूरी तरह नेकेड नजर आ रहे हैं। कुछ लोग रणवीर को ऐसा करने कि लिए उनकी तारीफ कर रहे हैं, तो वहीं कुछ लोग सरासर उनके खिलाफ खड़े हैं। हालांकि, रणवीर ने अब तक इस बात पर चुप्पी साधी है लेकिन बोलनेवालों का मुंह कौन बंद कर सकता है, वो तो बोलेंगे ही। क्योंकि, 'कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना।'

पहले तो रणवीर सिंह को लेकर औरतों ने आवाज उठानी शुरू कर दी। कुछ इंडस्ट्री की ही महिलाओं ने फोटोशूट पर आपत्ति जताई, तो कुछ आम औरतों ने भी इसके खिलाफ हल्ला बोल दिया। एक्ट्रेस मिमी चक्रवर्ती ने तो यहां तक कह दिया कि अगर यही काम किसी हीरोईन ने किया होता, तो उसे क्या नहीं कहा जाता। यानी कि श्रीमति जी ने पूरा मामला जेंडर इक्वॉलिटी से जोड़ दिया। इसे लेकर और भी मामला तेज हो गया। मिमी के इस बयान के बाद जगह-जगह औरतें रणवीर के खिलाफ बोलती नजर आईं। जैसा कि पहले भी कहा जा चुका है कि अगर किसी एक्ट्रेस ने ऐसा किया होता, तो न जाने क्या हो जाता। लेकिन इसमें सोचने वाली बात तो ये है कि क्या इसके पहले किसी एक्ट्रेस ने नहीं किया क्या ऐसा? कियारा आडवाणी का पत्तों वाला फोटोशूट याद है आपको? वो क्या था, हीरोईन की दरियादिली या फिर उसका कॉन्फिडेंट? दिक्कत एक और भी है कि लोग डिक्सनरी में पड़े शब्दों से खेलना क्या जान गए हैं। किसी भी आदमी, औरत को जेंडर का बेस बनाकर कुछ भी बोल देते हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री एक तो पहले से ही अपने कॉन्टेंट को लेकर काफी कुछ झेल रही है और अब ये भी शुरू हो गया।

## कांदिवली में 25 साल की लड़की का गला काट डाला आरोपी फरार



**मुंबई,** कुरार पुलिस स्टेशन इलाके में लड़की के कत्ल का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां क्रांति नगर कॉलोनी में एक 25 साल की लड़की मनीषा की गला रेतकर हत्या कर दी गई। कुरार विलेज पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है। युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए कांदिवली शताब्दी अस्पताल भेज दिया गया है।


हत्या के बाद आरोपी मौका ए वारदात से फरार हो गया। मनीषा मुंबई मे किराए के मकान में अपने मौसेरे भाई के साथ रहा करती थी। दरअसल मनीषा का मौसेरा भाई नशे का आदी है। जिस वक्त हत्या की घटना हुई वो घर पर ही मौजूद था। फिलहाल पुलिस ने मौसेरे भाई को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ जारी है। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारियों नें मौका ए वारदात का दौरा किया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने और तस्वीरें ले ली हैं। पुलिस अफसरों का कहना है कि जल्द ही इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर खुलासा किया जाएगा।

पुलिस की शरुआती जांच में हत्या की असली वजह का पता नहीं चल सका है। सवाल ये है कि अगर कत्ल की इस वारदात को मौसेरे भाई ने अंजाम दिया तो ऐसा क्यों किया? पुलिस की कई टीमें मनीषा हत्याकांड की जांच में जुटी हैं।

## आरे में पेड़ कटाई के खिलाफ विरोध जारी

**मुंबई,** आरे में शिंदे सरकार की ओर से मेट्रो कारशेड बनाने के निर्णय का हो रहा विरोध अब विकराल रूप पकड़ता जा रहा है। 'आरे बचाओ' आंदोलन के कार्यकताओं ने सरकार को साफ चेताया है कि यदि सरकार ने उनकी नहीं सुनी और एक भी वृक्ष काटा तो वे सड़क पर उतरेंगे। समिति का साफ कहना है कि चाहे कुछ भी हो जाए आरे में पेड़ कटाई के खिलाफ उनका विरोध जारी रहेगा और सरकार चाहे कुछ भी कर ले, उनकी ये आवाज नहीं दबेगी।

बुधवार को आरे बचाओ समिति और वनशक्ति संस्था के लोगों ने पत्रकार परिषद लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाया और कहा कि सरकार आरे में ड्राइव चलाकर (सभी रास्तों को बंद कर) लगभग २ हजार पेड़ काटने की तैयारी में है। समिति ने आरोप लगाया कि सरकार ने ड्राइव का बहाना बनाया है, उनका मकसद वहां बचे हुए पेड़ों को काटना है। इस बारे में जानकारी देते हुए संजीव सम्मुतुलकर ने बताया कि आरे में सरकार ने कोर्ट को २,७०० पेड़ काटने की जानकारी दी है। लेकिन अब तक सिर्फ २०० पेड़ ही काटे गए हैं। बचे हुए २,५०० पेड़ वे अब काटना चाहते हैं।



### महाराष्ट्र चुनाव आयोग को

# सुप्रीम कोर्ट की अवमानना कार्रवाई की चेतावनी




**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की अनुमति देने के वास्ते स्थानीय निकायों के 367 सीटों के पुनर्निर्धारण के लिए महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग को गुरुवार को फटकार लगाई तथा अवमानना कार्रवाई की चेतावनी दी। न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार की पीठ ने राज्य चुनाव आयोग को 367 स्थानीय निकायों के चुनाव कार्यक्रम को फिर से अधिसूचित नहीं करने का निर्देश दिया। पीठ ने स्पष्ट संकेत दिया कि शीर्ष अदालत के आदेश के उल्लंघन करने पर इस मामले में अवमानना कार्रवाई शुरू की जा सकती है। न्यायमूर्ति खानविलकर की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने राज्य चुनाव आयोग से अदालत के आदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि मई में जारी की गई अधिसूचना बरकरार रहेगी। पीठ ने राज्य सरकार का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील शेखर नफड़े से कहा, 'यह स्वीकार्य नहीं कि आप अपनी सुविधा के लिए हमारे आदेश को ( शायद किसी के इशारे पर ) गलत तरीके से पढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। क्या आप चाहते हैं कि हम अवमानना नोटिस जारी करें?'

शीर्ष अदालत ने अपने पिछले आदेश की ओर संकेत करते हुए स्पष्ट किया कि 367 स्थानीय निकायों के चुनाव को मई के आदेश के तहत अधिसूचित किया जाना था।

# काला जादू कर रकम को दोगुना करने का झांसा

## रुपयों के नाम पर पीड़ित को ईंटों से भरा सूटकेस पकड़ा दिया

**मुंबई,** वरिष्ठ नागरिक को काला जादू कर रकम को दोगुना करने का झांसा देकर 25 लाख रुपये ठगने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजीत, प्रिया सोनी, गणेश पवार और एक स्वयंभू बाबा के रूप में हुई है, जिसे कैलाश बाबा के नाम से जाना जाता है। सभी आरोपियों को उनके मोबाइल फोन लोकेशन के जरिए शहर की अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया है। मामला दहिसर पुलिस स्टेशन का है। दहिसर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रवीण पाटिल ने कहा है कि, हमने पिछले दो महीनों से आरोपियों के मोबाइल फोन को ट्रैक किया, जिसके बाद हमने उन्हें इंटरसेप्ट के आधार पर गिरफ्तार किया है।



पाटिल ने कहा है कि, घटना कुछ महीने पहले की है जब 75 वर्षीय शिकायतकर्ता अरुण गडिगर को इन आरोपियों ने उनके निवेश किए गए पैसे को दोगुना करने का लालच दिया। इसके बाद पीड़ित को ईंटों से भरा एक सूटकेस पकड़ा दिया। इस घटना को लेकर पीड़ित ने दहिसर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उसने अपनी शिकायत में बताया कि, वह अपनी जिंदगी भर की बचत का निवेश करने के लिए मुंबई में एक फ्लैट या पनवेल में एक प्लॉट खरीदना चाहता था। पुलिस के मुताबिक, अरुण गडिगर इंटरनेट के जरिए आरोपी सोनी के संपर्क में आया था, जो उसे अन्य आरोपियों से मिलाने के लिए ले गया, उन्हें प्रॉपर्टी डीलर के रूप में पेश किया जो उसे निवेश करने के लिए एक प्रॉपर्टी का पता लगाने में मदद करने को कहा।

इस साल मई में अरुण गडिगर को आरोपी नारायण और पवार ने पनवेल के एक फार्महाउस में बुलाया था। जहां पीड़ित ने देखा कि, कुछ लोगों मंत्र का जाप कर रहे थे और एक शख्स जो कैलाश बाबा के नाम से जाना जाता है वह मिट्टी के बर्तन में काला जादू कर रहा था। इस दौरान उसने 'काला जादू' कर कुछ रुपये दोगुने करके दिखाए। यह देखकर शिकायतकर्ता ने आरोपियों पर भरोसा करना शुरू कर दिया। उन्होंने काला जादु के जरिए उसके भी रुपयों को दोगुना करने का भरोसा दिलाया। आरोपी ने पीड़िता को बताया कि, उन्हें अब तक सतारा के एक नगर पार्षद से 10 लाख और एक महिला से 5 लाख की अलग-अलग राशि मिली और काला जादू से उन्होंने 25 लाख रुपये बनाकर दिए। ऐसे में आरोपियों ने 24 मई को वरिष्ठ नागरिक को सतारा बुलाया जहां वे काला जादू करने जा रहे थे। शिकायतकर्ता ने अपने साथ रखे 25 लाख रुपये आरोपियों को सौंप दिए। कुछ मिनटों के बाद, कैलाश बाबा ने मिट्टी के बर्तन में अपनी नकदी रखकर काला जादू किया और फिर उन्होंने मंत्रों का जाप किया। इसके बाद आरोपी ने शिकायतकर्ता को एक सूटकेस में रखे 45 लाख रुपये की राशि दिखाई और ब्रीफकेस उसे सौंप दिया।

## शिंदे समूह में बड़ा भाई, ठाकरे समूह में छोटा भाई; शिवसेना विद्रोह ने परिवार को विभाजित किया

**मुंबई।** शिवसेना में बगावत के कारण पार्टी में आंतरिक विवाद सामने आया। साथ ही इस बगावत के चलते कई लोगों के घरों में बंटवारा भी हो गया है. बुलडाने सांसद प्रतापराव जाधव के घर में फूट है, बड़ा भाई शिंदे गुट में और छोटा भाई ठाकरे गुट में है. एक सदन में आए राजनीतिक भूकंप से जिले की सियासत प्रभावित हो रही है। प्रतापराव जाधव बुलडाना से सांसद हैं और उनके छोटे भाई संजय जाधव मेहकर के पूर्व मेयर और ग्रुप लीडर हैं. साफ है कि इन दोनों भाइयों के बीच मतभेद है। प्रतापराव जाधव शिंदे समूह में शामिल हो गए हैं और संजय जाधव ने ठाकरे के साथ रहना चुना है। संजय जाधव ने स्पष्ट किया है कि बालासाहेब ठाकरे मेरे भगवान हैं और उद्धव साहब मेरे नेता हैं। दूसरी ओर, प्रतापराव जाधव के शिंदे गुट में शामिल होने के बाद, उद्धव ठाकरे ने उन्हें बुलडाना जिला शिवसेना संपर्क प्रमुख के पद से हटा दिया। हालांकि, एकनाथ शिंदे ने उन्हें फिर से उसी पद पर नियुक्त कर दिया है। उन्हें जिले के सभी पदों पर नियुक्ति का अधिकार दिया गया है। शिवसेना के 40 विधायकों ने शिंदे समूह का समर्थन किया।

## 'छोटा शकील का आदमी बोल रहा हूं 50 लाख दे वरना भुगतना होगा अंजाम', मुंबई में व्यापारी को धमकी

### मुंबई के व्यापारी से मांगी गई 50 लाख की रंगदारी

### मुंबई पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया

**मुंबई,** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक व्यापारी से पचास लाख रुपयों की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी व्यापारी से अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा शकील के नाम की धमकी देकर रंगदारी मांग रहे थे। रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। व्यापारी ने पुलिस से मदद मांगी जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गुजरात के सूरत से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपियों से पूछताछ कर रही है।



मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित कारोबारी ने इन्हीं में से एक आरोपी को बिजनेस में लगाने के लिए 13 करोड़ रुपये दिए थे। उस समय तो पीड़ित को प्रोफिट का सपना दिखाया गया, लेकिन बाद में पैसा वापस करने के लिए बातों को घुमाने लगे। जब व्यापारी ने अपने पैसों को वापस लेने के लिए जोर डाला तो उसे छोटा शकील के नाम पर धमकाना शुरू कर दिया गया। मुंबई क्राइम ब्रांच की एक टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मुंबई पुलिस के अनुसार, आरोपियों की पहचान 63 वर्षीय असलम नवीवाला, 42 वर्षीय इलियास कपाड़िया और 52 वर्षीय मिर्जा आरिफ बेग के रूप में की गई है। पीड़ित कारोबारी ने पुलिस को शिकायत में बताया था कि, उसने अलग-अलग लोगों से रकम जुटाकर अपने कारोबार के लिए 13 करोड़ रुपये आरोपी नवीवाला को दिए थे। पैसे मांगे तो चुकाने से इनकार कर दिया। जिसके बाद उसे छोटा शकील के नाम पर धमकी दी जाने लगी। पीड़ित ने बताया कि, एक बार उसे इंटरनेशनल नंबर से कॉल भी आई और नवीवाला से पैसे न लेने की धमकी दी गई। वहीं पुलिस का कहना है कि, पकड़े गए आरोपियों में कपाड़िया और बेग का आपराधिक बैकग्राउंड है। दोनों के दाऊद की डी कंपनी से भी संबंध थे। फिलहाल आरोपी 3 अगस्त तक पुलिस कस्टडी में हैं।

## 'उज्ज्वल भारत-उज्ज्वल भविष्य' महोत्सव भांडुप परिमंडल में आयोजित




**मुंबई,** भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के अंतर्गत 'उज्ज्वल भारत, उज्जवल भविष्य' पावर@2047 की अभिनव अवधारणा के तहत देश के 773 जिलों में ऊर्जा संसाधनों का उत्सव आयोजित किया गया है। 25 जुलाई 2022 जोश के साथ शुरू हो गया है। यह उत्सव महावितरण के भांडुप परिमंडल के तहत आयोजित किया जाता है। 28 जुलाई को दोपहर 3 बजे द विजय को. ऑप. हौ. सोसायटी हॉल, एसएल मार्ग, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर रोड जनक्शन, मुलुंड में इसका आयोजन किया है। 29 जुलाई को सुबह 6 बजे महर्षि, विठ्ठल रामजी शिंदे स्कूल, ईश्वर नगर एलबीएस मार्ग, भांडुप पश्चिम में किया गया है। रायगढ़ जिले में 28 जुलाई को सुबह 11 बजे सीनियर सिटीजन हॉल रोहा में भी 29 जुलाई को सुबह 11 बजे डीपीडीसी ऑडिटोरियम, अलीबाग में होगा। इन सभी कार्यक्रमों में महावितरण कोंकण क्षेत्रीय संभाग के संयुक्त प्रबंध निदेशक चंद्रकांत डांगे एवं भांडुप परिमंडल के मुख्य अभियंता धनंजय औंधेकर मौजूद रहेंगे।

इस उत्सव में डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर जीवन प्रकाश योजना, दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, विलासराव देशमुख अभय योजना, अटल सौर कृषि पंप योजना, कृषि पंप विद्युतीकरण नीति-2020, मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना, मुख्यमंत्री सौर कृषि पंप योजना, सोलर रूफ टॉप योजना, एकीकृत ऊर्जा विकास योजना, उच्च दाब वितरण प्रणाली, सौभाग्य योजना और इसी तरह की अन्य योजनाएँ दी जा रही हैं और अन्य उपभोक्ताओं को प्रेरित करने के लिए इन योजनाओं के वास्तविक लाभार्थियों के अनुभव से अवगत कराया जाएगा।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैजल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नंबर 3-4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नंबर 12, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई - 63 से छपवाकर रूम नंबर 15 रमजान बिन 17- सी, वंजावडी, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016 से प्रकाशित किया . संपर्क कार्यालय 1 ए, ग्राउंड फ्लोर, साहिल मेन्शन, बालमिया लेन, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016. मोबाइल नंबर 9987775650 व्हाट्सएप नंबर 9987775650 ईमेल- editor@rokthoklekhaninews.com -किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।